हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 5 सितंबर 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 नगर के शताधिक लावारिस मवेशियों ...



07 भुगतान और स्वीकृति की फाइलें महीनों तक अटकाने...






## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2755
उच्चतम भाव-3372
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2550
उच्चतम भाव-2781
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2548
उच्चतम भाव-2548
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5946
मसूर
न्यूनतम भाव-4750
उच्चतम भाव-6770
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3280
उच्चतम भाव-3415
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-4570
सरसों
न्यूनतम भाव-5900
उच्चतम भाव-6820
मूंग
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-6520
धान
न्यूनतम भाव-1730
उच्चतम भाव-2595
उड़द
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-5780
तुअर
न्यूनतम भाव-4510
उच्चतम भाव-4510

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 4468 बोरे उपज की आवक हुई।

# शिक्षक दे रहे प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग, 80 हुए चयनित

नीतेश नायकःगंजबासौदा

समीपस्थ ग्राम पिथौली में पदस्थ शासकीय शिक्षक महेश शर्मा अपनी अनूठी निःशुल्क शिक्षा सेवा के लिए नगर में अलग पहचान बनाए हुए हैं। खास तौर पर वे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं में काफी लोकप्रिय और उनके प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। उनके द्वारा दी गई निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग के चलते कई सामान्य और कमजोर परिवारों के बच्चे अब विभिन्न विभागों में अच्छे पदों पर कार्यरत हैं। ग्राम पिथौली में सेवारत शिक्षक





महेश शर्मा वर्ष 2010 से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों और युवाओं को निःशुल्क कोचिंग दे रहे हैं। अपने स्कूल से लौटने के बाद शाम को वे अपने घर पर ही ऐसे युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करवाते हैं। इनमें ऐसे युवाओं की संख्या सर्वाधिक है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मंहगी कोचिंग क्लासेस का खर्च नहीं उठा पाते हैं। महेश शर्मा के माध्यम से तैयारी कर परीक्षाओं में सफलता पाने वाले युवाओं की संख्या अब करीब 80 से अधिक हो चुकी है। इनमें से कुछ प्रमुख युवाओं में शिल्पा अग्रवाल शासकीय शिक्षक उहर वर्ग 2, सोनम लोधी शासकीय शिक्षक वर्ग 2, शिवानी दांगी मध्य प्रदेश पुलिस टीकमगढ़ , सोनम दांगी आरक्षक मध्य प्रदेश पुलिस इंदौर, कुमारी पूजा राजपूत आरक्षक एमपी पुलिस भोपाल, अनिकेत वाल्मीकि पटवारी सिरोंज ,कुमारी कल्पना परिहार दिल्ली पुलिस दिल्ली, शिवम राजपूत इंडियन आर्मी, साक्षी वर्मा शासकीय शिक्षक वर्ग 2 सिंगरौली , लाखन सिंह रघुवंशी एमपी पुलिस रायसेन, पूजा राजपूत आरक्षक एमपी पुलिस भोपाल, संजय कुशवाहा शिक्षक वर्ग 2 खंडवा, कुमारी प्रिया शाक्य कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रुप 4 सतपुड़ा भवन भोपाल, कुमारी पल्लवी दुबे कंप्यूटर ऑपरेटर विदिशा और हाल ही में मध्य प्रदेश विद्युत वितरण विभाग में लिपिक पद पर चयनित शामिल हैं। शिक्षक महेश शर्मा का कहना है कि कई युवा अच्छी कोचिंग और सही मार्गदर्शन न मिलने से परीक्षाओं में अपेक्षित सफलता नहीं प्राप्त कर पाते हैं। ऐसे युवा आर्थिक रूप से कमजोर होने से महंगी कोचिंग भी नहीं ले सकते हैं। इसलिए उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू की थी और युवाओं ने भी इसका भरपूर लाभ उठाया और लगातार विभिन्न पदों पर चयनित हो रहे हैं। इन्हें देखकर उनका ही नहीं अन्य युवाओं का भी उत्साह बढता है।

## नगर के मुख्य मार्गों पर विचरण करने वाली मवेशियों से मिलेगी निजात

# नगर के शताधिक लावारिस मवेशियों को नपा की गोशाला में पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद द्वारा ग्राम बनवा में बनवाई गई अस्थाई गौशाला में गुरूवार को शताधिक मवेशियों को भेज दिया गया है। यह मवेशी नगर के मुख्य सड़कों पर विचरण करते थे और इनके कारण वाहन चालकों और नागरिकों को काफी असुविधा उठानी पड़ रही थी। इस गौशाला में मवेशियों को खाने के लिए भूसा और पानी की व्यवस्था की गई है।





यहां उल्लेखनीय है कि करीब 8 बीघा कि इस गौशाला में टीन शेड लगवाया गया है और परिसर में सीमेंट कंक्रीट की गई है। गत दिवस जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीएम संतोष बिटोलिया ने गौशाला पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। इसी गौशाला का कुछ दिन पूर्व क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव सहित अन्य पार्षदों ने भी निरीक्षण किया था। इस गौशाला में नगर पालिका द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है ताकि इसका संचालन ठीक से हो सके और गौ माता को रहने खाने पीने की व्यवस्था सही चलती रहे।

गौशाला का निर्माण होने के बाद गुरूवार को नपा अमले ने नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव और सीएमओ के निर्देश पर स्टेशन रोड से जयस्तंभ चौक, त्योदा रोड सिंधी कालोनी से पचमा रोड तक नगर में विचरण कर रहे 100 निराश्रित गौवंशो को निकाय के काऊकेचर वाहन से एवं कर्मचारियों द्वारा घेराव कर वनवा स्थित निकाय की गौशाला में पहुंचाया। निकाय द्वारा नगर में विचरण कर रहे निराश्रित गौवंशो को पकडकर गौशाला पहुचाने की मुहीम प्रतिदिन जारी रहेगी। उक्त अभियान में निकाय के राजकुमार शर्मा, वरूणेन्द्र चौबे, नवल सिह परिहार, नवल सिंह मालवीय, इश्तयाक खां, दशरथ अहिरवार, चंदन अहिरवार, संजीव मालवीय, भारत सिंह कुशवाह, राजेश जैन, कमल मालवीय, वीरेन्द्र शर्मा, लीलाधर कुशवाह, रामलाल, सत्तार खां, नसीम खां, हिम्मत सिंह कुशवाह शामिल रहे।

### इनका कहना है

सड़कों पर घूम रहे मवेशियों को प्रतिदिन अभियान चलाकर पकड़ा जाता है और उन्हें वाहन के माध्यम से नपा की गौशाला भिजवाया जा रहा है। ताकि मुख्य सड़कों पर आवागमन में कोई समस्या खड़ी ना हो।

**रवि प्रकाश श्रीवास्तव**
सीएमओ, नपा गंजबासौदा

## प्रदेश अध्यक्ष ने किया नपा में पौधरोपण



**गंजबासौदा।** वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष शनवर पटेल कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त के नगर आगमन पर नगर पालिका परिषद में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादोन के अलावा पार्षद, मुस्लिम समुदाय, भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनका शाल श्रीफल, पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया। इस मौके पर उन्होंने सभी के साथ मिलकर नपा परिसर में पौधारोपण भी किया।


## कब्रिस्तानों में किया गया पौधरोपण



**गंजबासौदा।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के नगर अध्यक्ष हाफिज गौरी द्वारा ईदगाह वाले कब्रिस्तान एवं पचमा रोड बनवा जागीर कब्रिस्तान में पौधरोपण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बबलू ने मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर एक पौधा लगाने की सबसे अपील की एवं ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के उपलक्ष में मस्जिदों के अंदर कुरान खानी की जाएगी। पौधरोपण कार्यक्रम में त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बबलू, पूर्व जिला अध्यक्ष हाफिज अफजल पठान,परवेज खान, आसिफ पटेल, टीपू पठान, उमर खान,बादशाह भाई, जब्बार मंसूरी,फहीम हाफिज, साहब कारी अब्दुल रज़्ज़ाक़, नद्दू पठान, उमर, निषाद खान, आदिल अली, साकिर खान, मोहसिन खान गोरी, अतीक गोरी, जावेद खान गोरी, शाहिद खान गोरी, रुकमान मंसूरी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### स्मार्ट मीटर से बैंक परिसर में लगी आग



**त्योंदा।** त्योंदा को ऑपरेटिव बैंक में बुधवार शाम को स्मार्ट मीटर लगा। जिसके बाद रात में आग लगने से पैनल जल गया। जिससे हजारों रुपए के उपकरण खराब हो गए। वहीं गुरुवार को बैंक का लेनदेन ठप्प रहा। जिससे ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सैकड़ो उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। बैंक कर्मचारियों का कहना है कि बिजली कंपनी के डीई से लेकर जेई तक को फोन लगाया लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने फोन रिसीव नहीं किए।



## दोपहर बाद से नगर सहित इलाके भर में जोरदार बारिश का दौर शुरू

**गंजबासौदा।** पिछले दिनों से जारी रह रहकर बारिश के सिलसिले के बाद गुरूवार को मौसम के तेवर बदल गए और दोपहर बाद नगर सहित इलाके भर में तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। दोपहर में करीब डेढ घंटे से अधिक समय तक जोरदार पानी बरसा। इसके बाद कुछ समय तक बरसात का दौर थम गया, लेकिन शाम से एक बार फिर रह रहकर तेज बौछारें पड रही हैं। खबर लिखे जाने तक बौछारों का सिलसिला जारी है। उधर जोरदार और लगातार बारिश से किसानों को राहत मिल गई है और उनका कहना है कि कीट व्याधियों से ग्रस्त हो रही फसलों को इस तेज बारिश से राहत मिलेगी। साथ ही धान की फसल को भी फायदा पहुंचेगा। दूसरी ओर पिछले चौबीस घंटे में नगर में दर्ज की गई 14.6 मिमी बारिश को मिलाकर इलाके में अभी तक 926.9 मिमी पानी बरस चुका है जबकि गत वर्ष इस अवधि में 810 मिमी बरसात हुई थी। इस लिहाज से गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अच्छी बारिश हो चुकी है, लेकिन इलाके की औसत बारिश के लिहाज से आंकडा अभी कुछ कम है। हांलाकि आगामी समय में भी अच्छी बारिश के संकेत हैं और आगामी दिनों में अच्छी बारिश से इलाके में औसत बारिश का लक्ष्य भी पूरा हो सकता है।

# विभिन्न संगठनों ने एसडीओपी को सौंपे ज्ञापन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस नगर में एक 5 वर्षीय बच्ची के साथ हुए दुराचार के दोषी पर कठोर कार्रवाई एवं स्कूल वाहनों व शिक्षा संस्थानों की अनियमितताओं पर रोक लगाने की मांग को लेकर मां सरस्वती छात्र संगठन, करणी सेना एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एसडीओपी शिखा भलावी को ज्ञापन सौंपे गए। जिसमें कहा गया है कि एक मासूम 5 वर्षीय बच्ची के साथ ऑटो चालक द्वारा दुराचार की जघन्य घटना घटित हुई है, जिसने पूरे समाज को झकझोर दिया है। इस अमानवीय कृत्य ने शहरवासियों में गहरा आक्रोश उत्पन्न किया है। दोषी के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही, शहर में संचालित अधिकांश स्कूल वाहन बिना नियम-कायदों के चल रहे हैं, जिनमें बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा बना हुआ है। बिना फिटनेस, बिना परमिट और ओवरलोडिंग जैसी समस्याएं आम हो चुकी हैं। इस विषय में अभी तक कोई ठोस कार्रवाई न होना प्रशासन की गंभीर लापरवाही दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, लगातार शिक्षा के मंदिरों-विद्यालयों एवं महाविद्यालय परिसरों में असामाजिक तत्व बैठकर नशा करते हैं, जिससे शैक्षणिक वातावरण दूषित हो रहा है और छात्र-छात्राओं की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। इस पर भी त्वरित कार्रवाई आवश्यक है। इस अवसर पर अभावि परिषद के शुभम राजपूत, मां सरस्वती छात्र संगठन के निखिल राजपूत सहित अनेक विद्यार्थी एवं युवा मौजूद रहे। जिन्होंने शीघ्र उचित कार्रवाई की मांग प्रशासन से की।

## स्वदेशी के प्रचारक शफाकत हुसैन कादरी खुद भी लाते हैं स्वदेशी सामान

# शिक्षक कर रहे स्वदेशी का प्रचार,पहनते हैं खादी का कुर्ता





राजा छारीःगंजबासौदा

अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत मे टैरिफ बढाऐ जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वदेशी अपनाऐ जाने की वकालत जोर शोर से की जा रही है। वही हमारे बीच में हमारे शहर में ही एक ऐसे शिक्षक भी मौजूद है जो 1989 से शहर मे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर स्वदेशीकरण के अभियान का झंडा थामे हुऐ हैं। योग गुरू के नाम से विख्यात शासकीय शिक्षक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने भारत सरकार के द्वारा लाऐ गये डंकन प्रस्ताव के विरोध मे न केवल भाग लिया, बल्कि आंदोलन का सफलतापूर्वक संचालन भी किया। इसी तरह विदेशी व चीनी आयटम के विरोध मे साल भर लोगो को जगाते रहते हैं। उन्होने चीनी आयटम के विरोध मे न केवल पूरे शहर मे रैली निकाली बल्कि स्टेशन क्षेत्र मे नुक्कड सभा कर लोगो को जागरूक करने का काम किया। उन्होने तीन हजार लोगो के स्वदेशी संकल्प पत्र भी भरवाकर लोगो को स्वदेशी सामान लेने संकल्पित किया। श्री कादरी के मासिक घरेलू सामग्री विक्रेता जैन किराना स्टोर स्टेशन रोड के संजीव जैन बताते है वे पिछले 30 सालो से उनके घर सामान भेज रहे है यदि धोखे से भी विदेशी कंपनी का बिस्कुट, टूथपेस्ट, साबुन या अन्य सामान पहुंचा दिया जाता है तो तत्काल वापस आता है क्योकि उनके यहा शत प्रतिशत सामान स्वदेशी कंपनी गोदरेज हिमानी पतंजलि डाबर का ही जाता है। उनका कहना है जिन आवश्यकताओं के लिए देशी कंपनी का सामान उपलब्ध है तो विदेशी कंपनी का सामान क्यों खरीदा जाए। यही नहीं शफाकत हुसैन कादरी नियमित रूप से खादी का ही कुर्ता पाजामा पहनते हैं। स्वदेशी के घोर पक्षधर शिक्षक शफाकत हुसैन कादरी की प्रेरणा से उनके विद्यार्थी सत्येंद्र निगम अरनोट, सोनू दुबे आटासेमर, लोकेन्द्र राजपूत ककरूआ मोदन जैसै अनेक विद्यार्थी आज स्वदेशी अपना रहे हैं। इतना ही नहीं सैयद शफाकत हुसैन कादरी स्वदेशी योग के भी प्रशिक्षक हैं और शासकीय एवं निजी योग कार्यक्रमों में योग प्रशिक्षक के रूप में लोगों के बीच योग का प्रचार प्रसार करते हैं। वे दैनिक जीवन में योग को शामिल करने की अपील करते हुए योग से बीमारियों से छुटकारा और स्वास्थ्य लाभ भी बताते हैं।

### ऑटो चालकों के दस्तावेजों की जांच

**गंजबासौदा।** यातायात पुलिस ने गुरुवार दोपहर को शहर में विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान ऑटो चालकों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। पुलिस ने शहर के मुख्य मार्गों से ऑटो चालकों को शहर थाने और देहात थाना परिसर में बुलाया। पुलिस ने सभी ऑटो चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य जरूरी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। साथ ही पुलिस द्वारा सत्यापित कैरेक्टर सर्टिफिकेट की भी जांच की गई। यातायात पुलिस निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि जिन चालकों के पास सभी दस्तावेज और पुलिस सत्यापन था, उन्हें छोड़ दिया गया। 10 ऑटो चालकों के पास पर्याप्त दस्तावेज नहीं थे जिन पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया गया और चेतावनी दी कि संपूर्ण दस्तावेज होने पर वाहन चलाऐं।

# बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



म०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश के पालन में दिनांक 13.09.2025 को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, उक्त लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परकाम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामलें, एम०ए०सी०टी० प्रकरण मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, विद्युत एवं जल कर, बिल संबंधी प्रकरण एवं अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन एव न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु गुरुवार को मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबधित प्रकरणों के संबंध में विचार विमर्श हेतु बीमा कंपनी के अधिवक्तागण के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरप्रसाद वंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश द्वारा की गई। जिसमें राकेश कुमार ठाकुर प्रथम जिला न्यायाधीश बासौदा एवं नेशनल इंश्योरेंस कंपनी की ओर से राकेश अरोरा अधिवक्ता, इफकोटोक्यो इंश्योरेंस कंपनी एवं दि न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी की ओर से शैलेष त्रिपाठी अधिवक्ता एवं जितेन्द्र ठाकुर अधिवक्ता, संजीव चौहान अधिवक्ता अर्जुनसिंह कुर्मी अधिवक्ता, विद्यानंद जाटव अधिवक्ता, अखिलेश लाहोरी अधिवक्ता, शिवकांत कुर्मी अधिवक्ता, उपस्थित हुए। आयोजित बैठक में बीमा कंपनी के अधिवक्तागण से लोक अदालत में रखे जाने वाले मोटर दुर्घटना दावा अधिकारण से संबंधित प्रकरणों के संबंध में विचार विमर्श किया गया एवं लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों को चिन्हित किया गया एवं अधिक से अधिक प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकृत कराये जाने की अपेक्षा की गयी। ताकि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभान्वित किया जा सके।

# आईआईटी दिल्ली से शिक्षित असिस्टेंट प्रोफेसर शहरी जीवनशैली छोड़कर जंगल में रहने वाले बच्चों को बना रहे हैं आत्मनिर्भर

शिक्षक दिवस

अटल तिवारी ▶▶विदिशा

करीब 4 वर्ष पहले विदिशा जिले के हलाली बांध के पास जंगल में बसे सलूज गांव में 20 बच्चों से पाठशाला शुरु की खासकर ऐसे बच्चों को लिया गया जो स्कूल छोड़ चुके थे।

मजदूरी करने की राह पर निकल चुके बच्चों को सबसे पहले पाठशाला के साथ मलखंब सिखाना शुरु किया। मजदूरी करने न जाएं इसके लिए गोबर से बने उत्पाद बनाना सिखाया। यह पूरा कार्य पराग अग्रवाल कर रहे हैं। युवा इंजीनियर पराग अग्रवाल यह कार्य बिना शासकीय सहायता के कर रहे हैं। पराग अग्रवाल बताते हैं कि सलूज सहित आसपास के गांवों में 8 पाठशाला संचालित कर रहे हैं और इसमें 350 बच्चे सीखने आ रहे हैं। इन बच्चों को अलग अलग तरह का कौशल भी सिखाया जा रहा है। वहीं पढ़ाई करने लिये लायब्रेरी भी शुरु कर दी गई है। पालन सेवा फाउंडेशन के नाम संचालित इस अभियान को चलाने के लिए पराग अग्रवाल मैनिट भोपाल और आईआईटी दिल्ली में रहे मित्र जो अब विभिन्न कंपनियों में हैं उनके सहयोग से अंजाम दे रहे हैं।

पराग अग्रवाल बताते हैं कि ज्यादातर बच्चे ऐसे हैं जो स्कूल नहीं जाते थे या फिर पांचवी आठवी के बाद पढ़ाई देते थे। अब यह सभी नियमित पढ़ाई कर रहे हैं। इनमें से 5 पाठशालाएं पूरी तरह कंप्यूटर, स्मार्ट बोर्ड और डिजिटल साधनों से सुसज्जित हैं।



पराग अग्रवाल

## पालन स्वावलंबन केंद्र

इस केंद्र का लक्ष्य ग्रामीण और जनजातीय महिलाओं को कौशल-आधारित आजीविका से जोड़ना है। अब तक 130 महिलाओं को प्रशिक्षण देकर गौमाता के गोबर से 18 प्रकार के उत्पाद ( मूर्तियाँ, पेन स्टैंड, दीपक, धूप-बत्ती आदि) बनाना सिखाया गया है। इससे महिलाएं न सिर्फ आत्मनिर्भर हो रही हैं बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत कर रही हैं। इसके साथ ही किसानों को रसायनमुक्त खेती की ओर प्रेरित करने के लिए यह पहल चलाई गई है। यहां किसानों को जैविक कृषि पद्धति, बीज संरक्षण और प्राकृतिक खाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार और आधुनिक कौशल की ट्रेनिंग दी जाती है। भोपाल और विदिशा क्षेत्र में शिक्षकों व महिला समूहों को स्वदेशी व उपयोगी वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे उनके उत्पाद बाजार तक पहुंच रहे हैं।

# सफ़लशिक्षा सेवा समिति बनाकर शिक्षा से वंचित 500 बच्चों को स्कूलों से जोड़ चुके मनोज कौशल

### आठ वर्षों में प्राथमिक शिक्षा से लेकर विश्वविद्यालय तक की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं

सचिन सक्सेना ▶▶विदिशा

पिछले 8 वर्षों से शहर की पांच गरीब एवं पिछड़ी बस्तियों के शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षित करने का काम विदिशा में किया जा रहा है।



मनोज कौशल

यह काम सफ़लशिक्षा सेवा समिति बनाकर मनोज कौशल द्वारा किया जा रहा है। वह अब तक 500 से ज्यादा बच्चों को स्कूल से जोड़ चुके हैं। समिति इन बस्तियों में ही बच्चों के लिए कक्षाएं लगाती है। बच्चों की स्कूली जरूरते पूर्ण करते हुए प्रवेश हेतु दस्तावेज बनवाने में भी सहयोग करती है। सफल शिक्षा समिति के अध्यक्ष मनोज कौशल अपने बेटे के जन्मदिन पर महलघाट पर भोजन वितरित करने पहुंचे। बहुत से बच्चों को स्कूल से वंचित देखा तो मनोज कौशल के मन में उन्हें शिक्षा से जोड़ने का विचार आया। इन्हीं विचारों के साथ इस बस्ती के 63 बच्चों को एकसाथ स्कूल से जोड़कर 2017 से इसकी शुरुआत की। फिर शहर की कुछ और ऐसी ही पिछड़ी बस्तियों का सर्वेक्षण किया,जहां बच्चे अपनी शिक्षा के अधिकार से वंचित थे।

## इन बस्तियों में संचालित की जाती हैं कक्षाएं



जतरापुरा, रायपुरा, जानकीनगर, लक्ष्मीनगर और मोहनगिरी जैसी बस्तियों में 500 से ज्यादा बच्चे जो कभी कबाड़ा पन्नी बीनते थे। बालश्रम और भिक्षावृत्ति करते थे,उन्हें स्कूल से जोड़ा गया। पिछले आठ वर्षों में सफ़लशिक्षा के ये बच्चे प्राथमिक शिक्षा से लेकर विश्वविद्यालय तक की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। गैरजिम्मेदार पालकों को कानून के दायरे में लाने के लिए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया,चीफ जस्टिस ऑफ मध्यप्रदेश, प्रधानमंत्री और सभी संबंधित विभागों को पत्र भी लिखा गया है।

## खबर संक्षेप

### आज बाढ़ वाले गणेश मंदिर पहुंचेंगे कृषि मंत्री



विदिशा। रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान श्री गणेशोत्सव के उपलक्ष्य में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाढ़ वाले गणेश मंदिर आयोजन समिति द्वारा आयोजित अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति, हवन में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पत्नी साधना सिंह चौहान के साथ शामिल होंगे। पूजन के बाद कन्या भोज के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम आज शुक्रवार समय दोपहर 12 बजे से शुरू होगा।

### सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट प्रतिबंधित

विदिशा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अंशुल गुप्ता ने संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिया है।

जिला विदिशा की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, (एक्स) आदि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी जाति, समुदाय अथवा धर्म पर आपत्तिजनक फोटो चित्र, मैसेज, साम्प्रदायिक मैसेज आदि को पोस्ट करने पर, उनकी फॉर्वर्डिंग, करने, उन पर कमेंट क्रॉसकमेंट या लाइक करने की गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाता है।

### तेज बारिश नहीं रोक पाई भक्तों के कदम



शमशाबाद। नगर में भगवान लड्डू गोपाल के आकर्षक विमान का चल समारोह निकाला गया। भव्य चल समारोह राधा कृष्ण मंदिर व रामजानकी मंदिर बावड़ी से प्रारंभ हुआ। जो नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ बड़ी मंडी मंदिर मेला ग्राउंड पर जल बिहार के लिए पहुंचा। अचानक तेज शुरू हो गई लेकिन तेज बारिश में भी भक्तों के कदम नहीं रुके जय कारे लगाते हुए भक्त भीगते हुए चलते रहे।

### जिपं अध्यक्ष को औचक निरीक्षण में मिली लंबित रखी गईं फाइलें, कलेक्टर से मिले

# भुगतान और स्वीकृति की फाइलें महीनों तक अटकाने की कलेक्टर से शिकायत

**निरीक्षण प्रतिवेदन रिपोर्ट आयुक्त भोपाल एवं प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भेजी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शुक्रवार को राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी के नेतृत्व में जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं सभी जिला पंचायत सदस्य ने लेखाधिकारी कक्ष का निरीक्षण किया। दरअसल यह निरीक्षण जब किया गया जब जिला पंचायत में बैठक थी।

निरीक्षण में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए कि आज दिनांक तक 28 तकनीकी स्वीकृतियां एवं अन्य फाइलें पिछले दो-तीन माह से बिना किसी कारण के लंबित पड़ी हुई हैं। जिससे यह स्पष्ट है कि अधिकारियों की यह टालमटोल प्रवृत्ति सीधे-सीधे ग्रामीण जनता के साथ विश्वासघात है। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा इस पूरे प्रकरण की निरीक्षण प्रतिवेदन रिपोर्ट आयुक्त भोपाल एवं प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को भेजकर दोषी अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की गई है। जहां सभी ने इस बात का कड़ा विरोध दर्ज कराया कि जिला पंचायत कार्यालय में भुगतान,, तकनीकी स्वीकृति एवं प्रशासकीय स्वीकृति की फाइलें महीनों तक जानबूझकर लंबित रखी जा रही हैं। जिससे ग्राम पंचायतों के विकास कार्य ठप पड़े हैं। यह रवैया पूरी तरह से गैरजिम्मेदाराना और जनविरोधी है। साथ ही जिपं में आयोजित हुई बैठक में अनुपस्थित रहे अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए पंचायत मंत्री, प्रमुख सचिव एवं आयुक्त भोपाल को अलग से पत्र लिखा गया है। जिसकी प्रतिलिपि भी कलेक्टर विदिशा को भी सौंपी गई है। बैठक में लटेरी, सिरोंज एवं गंजबासौदा को छोड़कर अन्य सभी सहायक यंत्री, मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा कार्यपालन यंत्री, अनुचित रूप से अनुपस्थित रहे। बैठक में जिपं उपाध्यक्ष दरयाब सिंह कुर्मी सहित जिला पंचायत के सदस्य उपस्थित रहे।



विदिशा। कलेक्टर से मिलने पहुंचीं जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्यों ने अंशुल गुप्ता के समक्ष रखी अपनी बात।

### ओलम्पस हाई के बच्चों ने जीते 4 गोल्ड, 2 सिल्वर व 8 ब्रोंज



विदिशा। सागर रोड स्थित ओलम्पस हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने एसजीएफआई संभागीय तैराकी प्रतियोगिता में कई पदक अपने नाम किए। भोपाल के प्रकाश तरण ताल में आयोजित इस प्रतियोगिता में विदिशा, भोपाल, सीहोर और राजगढ़ जिलों की टीमों ने भाग लिया। ओलम्पस हाई के छात्र एकम सिंह अड़क ने 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर फ्री स्टाइल तीनों प्रतियोगिताओं में गोल्ड मैडल प्राप्त किया। छात्र अभिनव शुक्ल ने 100 मीटर ब्रैस्ट स्ट्रोक में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। बालिका वेदिका भदोरिया ने 200 मीटर बटर फ्लाई में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। छात्र अमित रघुवंशी ने 100 मीटर बैक स्ट्रोक में रजत पदक अपने नाम किए। इन सभी चारों बच्चों का चयन 1 नवंबर को इंदौर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ है। इसके अलावा छात्र अथर्वराज सिंह ने 2 ब्रोंज, भव्या तलरेजा ने 3 ब्रोंज, तोषी ठाकुर ने 2 ब्रोंज और आधवन वशिष्ठ ने 1 ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने बताया कि सभी छात्र स्कूल के साथ-साथ शाम में भी विद्यालय में संचालित तैराकी अकादमी में तैराकी का प्रशिक्षण लेते हैं। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने भी सभी बच्चों व उनके माता-पिता को बधाई दी है।

# मकोड़ियाा बांध को लेकर किसानों ने सीएम मोहन यादव के नाम सौंपा ज्ञापन

**पहले मकोडिया बांध नहीं बनने दिया अब हैदरगढ़ क्षेत्र में बावना नदी पर बनने वाले बावना बांध के कार्य को रुकवाने का आरोप**



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मकोड़िया बांध निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष और मप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव आनंद प्रताप सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम दिए गए ज्ञापन में मकोड़िया बांध निर्माण संघर्ष समिति किसानों ने निवेदन किया कि मकोड़िया बांध की बाधाओं को दूर किया जाए। इस मामले में किसानों ने क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी आड़े हाथों लेते हुए किसान विरोधी करार दिया। किसानों का आरोप है कि भाजपा के नेताओं ने बेतवा नदी पर प्रस्तावित मकोड़िया बांध को असाध्य कर दिया और दूसरी बार पिछले माह अगस्त में एक अशासकीय पत्र लिखकर हैदरगढ़ क्षेत्र में बावना नदी पर बनने वाले बावना बांध के कार्य को रुकवा दिया।

हैदरगढ़ क्षेत्र के पड़रिया नौरजा गांव में बावना नदी पर प्रस्तावित बावना बांध बनने से हैदरगढ़ क्षेत्र के 40 से अधिक गांव में 10 हजार हेक्टर कृषि भूमि पर किसानों को सिंचाई सुविधा प्राप्त होती परंतु भाजपा के अपने चेहते कुछ कार्यकर्ताओं को लाभ देने बावना बांध का काम रुकवा दिया। इस तरह 40 गांव के किसानों के साथ पुनः अन्याय हुआ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मकोड़िया बांध निर्माण संघर्ष समिति के नरेंद्र सिंह दांगी, मनोज जैन बांसल, नरेंद्र शर्मा तुमैना, अरुण राजू अवस्थी, संदीप अमावते, सुमित वैध, मंगल सिंह ठाकुर, हनी गुप्ता मौजूद रहे।

# बैंकों में हितग्राही योजनाओं को प्रदर्शित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को हितग्राहीमूलक योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति की समीक्षा की है।

उन्होंने कहा कि सभी बैंकों में हितग्राहीमूलक योजनाओं का प्रदर्शन किया जाए ताकि बैंकों में आने वाले खाताधारक भी केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनहितैषी कल्याणकारी योजनाओं से मुखातिब होकर लाभ लेने के लिए उत्साहित हों। उन्होंने सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं को क्रियान्वित कराने वाले विभागों के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि हरेक योजना के लक्ष्य विरूद्ध डेढ गुना प्रकरण बैंकों को भेजे जाएं। ऑन लाइन प्रक्रिया के माध्यम से प्रेषित किए जाने वाले प्रकरणों में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो इस पर ध्यान दिया जाए।

उन्होंने कहा कि बैंकर्स भी अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं ताकि हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को बैंकों के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता न पड़े। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिले में जिन कियोस्क केन्द्रों के माध्यम से हितग्राहियों को परेशानी का सामना करना पड़ा है ऐसे सभी कियोस्क संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### सागर चौपाल के पास पेट्रोल पंप में आग



विदिशा। गुरुवार को सागर चौपाल के पास स्थित पेट्रोल पंप की एक मशीन में आग लग गई। आग लगने के बाद कर्मचारियों ने वहां रखे अग्निशमन यंत्रों से आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग इतनी भयंकर थी की वह कामयाब नहीं हो सके। इसके बाद फायर बिग्रेड का सूचित किया गया। आग किस कारण से लगी इसकी जानकारी अभी तक नहीं लग पाई है।

# हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसे में दो ड्राइवरों की मौत, एक गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

नेशनल हाईवे-146 मानोरा गणेश मंदिर मोड़ के पास बुधवार की रात 10:30 बजे दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रक हाईवे पर पलट गए।

हादसे में दोनों ड्राइवरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रक सागर से भोपाल की ओर जा रहा था, वहीं दूसरा ट्रक भोपाल से सागर की ओर आ रहा था। मानोरा के पास मोड़ पर दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई।



आयशर ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ट्रक ड्राइवर को 108 एंबुलेंस से ग्यारसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### एक मुरैना दूसरा राजकोट निवासी

मृतक जितेंद्र कुशवाह 28 वर्ष पुत्र स्व. कमलेश कुशवाह निवासी किशनपुर मुरैना निवासी था। उनके चाचा उम्मेद सिंह कुशवाह ने बताया कि जितेंद्र के दो छोटे पुत्र हैं, जिनकी उम्र 8 और 6 वर्ष है। वे मंडीदीप से सागर तक कंटेनर में माल ढोने का काम करते थे। वहीं धीरू भाई 37 वर्ष निवासी राजकोट गुजरात की भी मौत हो गई। घायल धीरू भाई के जीजा विजय हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही ग्यारसपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### आपात स्थिति में तुरंत 112 पर कॉल कर मदद मांगें

# डायल 112 आपातकालीन सेवा शुरू, 27 आधुनिक वाहनों से मिलेगी मदद, भोपाल से ही होगा संचालन





विदिशा। जिले की पुलिस को कुल 27 वाहन मिले हैं। जिनमें 18 बोलेरो और 9 स्कॉर्पियों शामिल हैं। सेवा का शुभारंभ करते हुए एसपी रोहित काशवानी व अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

गुरुवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में डायल-112 आपातकालीन सेवा का शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे ने पूजा-अर्चना के बाद वाहनों को रवाना किया। जिले को 27 फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल मिले हैं। इनमें 18 बोलेरो और 9 स्कॉर्पियो शामिल हैं। सभी वाहन थानों और चौकियों पर तैनात रहेंगे। यह सेवा रात 10 बजे से औपचारिक रूप से शुरू होगी। वाहनों में आधुनिक उपकरण लगे हैं। इनमें जीपीएस ट्रैकिंग, डिजिटल नेविगेशन, वायरलेस संचार उपकरण और बॉडीवॉर्न कैमरा हैं। साथ ही डैश कैमरा, सायरन, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, फर्स्ट एड किट, स्ट्रेचर और अग्निशमन यंत्र भी मौजूद हैं।

आपात स्थिति में 112 डायल करने पर कॉल सीधे भोपाल स्थित राज्य स्तरीय कंट्रोल सेंटर पर जाएगी। वहां से कॉल टेकर घटना दर्ज कर डिस्पैचर को भेजेगा। डिस्पैचर नजदीकी एफआरवी को इवेंट ट्रांसफर करेगा। इस सेवा में पुलिस, मेडिकल, फायर और महिला हेल्पलाइन की सुविधा मिलेगी। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि नई सेवा से रिस्पॉन्स टाइम कम होगा। लोकेशन-बेस्ड सिस्टम से मदद की गुणवत्ता बेहतर होगी।

# शिक्षिका को सांप ने डसा, डिब्बे में बंद कर साथ लेकर अस्पताल पहुंचे परिजन

विदिशा। करारिया स्थित एक निजी स्कूल में बुधवार दोपहर डेढ़ बजे एक टीचर को सांप ने डस लिया। कक्षा में सांप दिखने पर शिक्षिका ऋतु चौधरी ने बच्चों की सुरक्षा के लिए उसे बाहर निकालने की कोशिश की। इस दौरान सांप ने उनके हाथ में डस लिया, फिर भी उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए सांप को पकड़कर एक डिब्बे में बंद कर दिया। इससे डॉक्टरों को सांप की प्रजाति पहचानने में मदद मिली। परिजनों ने उन्हें तुरंत जिला



चिकित्सालय पहुंचाया, जहां समय पर इलाज मिलने से उनकी स्थिति स्थिर है। ऋतु की साहस और समझदारी की स्थानीय लोग प्रशंसा कर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की।

### प्रियंक कानूनगो आज विदिशा आएंगे

विदिशा। आज शुक्रवार को बड़े गणेश मंदिर के सामने बांसकुली में गणेश जी की झांकी में महाप्रसाद भोग लगाया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंका कानूनगो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। भक्तों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

**बहु.उ.प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित करारिया जिला विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन. 451 दि. 30.06.1967

क्रमांक/आमसभा/क्यू/ 2025-26 दि. 01/09/2025

**वार्षिक आमसभा**

बहु.उ.प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित करारिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 59 वी साधारण सभा दिंनाक 15.09.2025 दिन सोमवार को सुबह 11 बजे से स्थान समिति कार्यालय करारिया में आयोजित की गई हैं।

गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1/2 घंटे पश्चात होगी। जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है ।

श्री किशोर कुमार अहिरवाल
प्रशासक

डोंगर सिंह जादौन
प्रबंधक

**कार्यालय विपणन सहकारी संस्था मर्या.लटेरी जिला विदिशा म.प्र.**

पंजीयन क्रमांक ए.आर./ व्ही.डी.एस./528/09.08.1995

क्रमांक / विपणन/आमसभा/2025/24 लटेरी दिनांक 02.09.2025

**30 वी वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना**

विपणन सहकारी संस्था मर्या. लटेरी के समस्त सदस्य प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 18.09.2024 दिन गुरूवार को समय दोपहर 1 बजे स्थान संस्था कार्यालय भवन लटेरी में आयोजित की गई है कृपया नियत दिनांक को निर्धारित स्थान एवं समय पर साधारण आमसभा में उपस्थित होने का कष्ट करें।

नोटः-गणपूर्ती (कोरम) के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 30 मिनिट पश्चात होगी, जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नही होगी। बैठक में आप की उपस्थिति प्रार्थनीय है। सदस्य प्रतिनिधिगणों को साधारण आमसभा का विस्तृत एजेण्डा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।

(कमलेश कुमार शर्मा)
प्रबंधक
विपणन सहकारी संस्था मर्या. लटेरी जिला विदिशा म.प्र.

(अरविंद रघुवंशी)
प्रशासक
विपणन सहकारी संस्था मर्या लटेरी जिला विदिशा म.प्र

**बहु. प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पीपलखेड़ा जिला विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक 182 दिनांक 30/06/1967

क्रमांक / आमसभा / क्यू / 2025 - 2026 दिनांक -06/09/2025

**वार्षिक आमसभा**

बहु. प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पीपलखेड़ा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 59 वी साधारण सभा दिन शनिवार दिनांक 20.09.2025 को दोपहर 1.00 बजे स्थान समिति कार्यालय पीपलखेड़ा मे आयोजित की गई है।

गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी। जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

श्री जितेन्द्र विश्वकर्मा
समिति प्रबंधक
बहु. प्राथमिक कृषि सा.स. समिति मर्या. पीपलखेड़ा

श्री किशोर कुमार अहरवाल
प्रशासक
बहु. प्राथमिक कृषि सा.स. समिति मर्या. पीपलखेड़ा

## शिक्षक राजेंद्र बघेल ने अभिभावकों के घर-घर जाकर किया जागरुक

# शिक्षक राजेंद्र ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने जगाई अलख

शिवलाल यादव ⏭ रायसेन

हरिभूमि विशेष

एक जमाना था जब गांव में बालिका के जन्म पर ग्रामीण अभिशाप समझते थे और बालिका को कक्षा 5वीं क्लास से 8वीं तक पढ़ाई के बाद गांव से बाहर पढ़ाई करने नहीं भेजते थे। अभिभावकों की इस सोच में बदलाव लाने की सांची ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम डंडेरा के शासकीय एकीकृत माध्यमिक स्कूल में पदस्थ शिक्षक राजेन्द्र सिंह बघेल ने ठान ली। उसे अंजाम तक पहुंचाने उनके मन विचार और सोच को बदलने की भरपूर कोशिश की।

शिक्षक बघेल ने बताया कि बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने का प्रयास आगे भी जारी रखेंगे। जब बालिका आगे बढ़ेगी तो इस भारतीय समाज में वह एक नहीं, बल्कि दो कुलों को रोशन करेगी। इस बदलते दौर की सोच को उन्होंने धीरे-धीरे साकार करने के लिए घर-घर अभिभावकों से संपर्क कर उनकी सोच में बदलाव लाने जागरुक किया। एक शिक्षक राजेंद्र बघेल की यह सोच है कि जब बालिका पढ़ेगी तो वह निरन्तर आगे बढ़ेगी और इतिहास गढ़ेगी। इस स्लोगन को वह अब साकार भी करने लगे हैं।

**खास बातें**

- शासकीय माध्यमिक स्कूल डंडेरा में सिर्फ दो शिक्षक ही पदस्थ।
- शासकीय माध्यमिक स्कूल डंडेरा में 68 छात्र और 36 छात्राएं हैं अध्ययनरत।
- शिक्षक ने उठाई स्कूल बाउंड्रीवॉल की मांग




### सोच ऐसी बदली कि अब पालक छात्राओं को बाहर शिक्षा संस्थाओं में शिक्षा प्राप्त करने भेज रहे

*अभिभावकों की सोच बदलने के बाद अब जिले के पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों सहित बाहर की शिक्षण संस्थाओं का ज्ञान लेने के लिए शिक्षकों के साथ अब अपनी बालिकाओं को भेज रहे हैं, जिससे शिक्षा की एक नई क्रांति तैयार होगी। वही बालिकाओं में ऐतिहासिक भौगोलिक और सामाजिक ज्ञान को बढ़ावा दिया जा रहा है। ताकि वह अपने पढ़ाई के स्तर को आगे बढ़ाते हुए कई सेक्टर में अपना नाम रोशन करें।*

#### अभिभावकों की सोच में आया बदलाव

*शिक्षक राजेंद्र बघेल की कोशिशों के बाद मौजूदा समय में अभिभावकों की सोच में भी बदलाव आने लगा है। इसी प्रयासों का नतीजा है कि डंडेरा गांव की हरेक समाज की बालिकाएं मिडिल स्तर तक पढ़ाई पूरी कर जिला मुख्यालय पर महाविद्यालय एवं बड़े-बड़े शिक्षण संस्थानों में शिक्षा और नेक संस्कार कि ग्रहण कर रहीं हैं और यह बालिकाएं जिला और प्रदेश स्तरीय प्रतिभा पर प्रतियोगिता में भी सहभागिता कर रही हैं और प्रथम आकर पुरस्कार प्राप्त कर रहीं है। स्कूल की दो छात्राएं भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के हाथों सम्मानित भी हो चुकी हैं, जिससे ग्राम डंडेरा और वहां के सरकारी मिडिल स्कूल का नाम रोशन कर चुकी है।*

#### स्कूल में आए हरित क्रांति ऐसा जज्बा शिक्षक में

एकीकृत मिडिल स्कूल डंडेरा में हरित क्रांति आए ऐसा जोश और जज्बा शिक्षक राजेंद्र सिंह बघेल में है, उनका लक्ष्य है कि स्कूल में पौधे रोपकर स्कूल परिसर को हरा भरा बनाए रखना। बालिका के नाम से उसी के हाथों से पौधे लगवाएं, ताकि वह सुरक्षा भी करें और यादगार के लिए उनके नाम की नेम प्लेट भी लगाई है। स्कूल में बाउंड्रीवॉल नहीं है उनकी मांग है कि शिक्षा विभाग स्कूल परिसर में बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराएं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकल फोर वोकल पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रहे है। स्वदेशी अपनाओं और विदेशी का बहिष्कार करों को लेकर शिक्षक राजेंद्र अपने विद्यार्थियों को भी इसके प्रति जागरुक कर रहे है।

#### तीन गुना हुआ स्कूल में बालिकाओं का प्रवेश

*कहते हैं जिद और जुनून और जोश और जज्बा असंभव कार्य को भी संभव बना देता है। ऐसी समर्पण लगननिष्ठा शिक्षक राजेंद्र सिंह बघेल में है और उन्होंने इसे सच साबित करके दिखाया है।इतना ही नहीं बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने गरीब अभिभावकों की लड़कियों को यूनिफार्म खुद की तनख्वाह से बाजार से खरीदकर दिलाते हैं।*

---

## पीएम स्वनिधि योजना की हकीकत, बिना ब्याज का नहीं लौटाया लोन, कई महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

# 2207 स्ट्रीट वेंडरों को मिला लोन, 152 बने डिफॉल्टर, 2193 चुकाते हैं समय पर किस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

पीएम स्वनिधि योजना ने रायसेन की कई महिलाओं, छोटे व्यापारियों की जिंदगी बदल दी। पूजा रघुवंशी, रामकली और सुमन बंशकार जो पिछले दस साल से फूल-माला, फुटकर फल-सब्जी बेचने का काम करती हैं। कोरोना महामारी के दौरान पूरी तरह टूट चुकी थीं, लेकिन योजना से उन्हें 10 हजार, फिर 20 हजार और अंत में 50 हजार का लोन मिला। आज वे अपने काम से हर माह 10 से 12 हजार रुपए कमा रही हैं और परिवार का भरण-पोषण मजबूती से कर रही हैं।

इसी तरह सोहली बाई रमादेवी ने गंजबाजार, महामाया चौक में सब्जी की दुकान लगाकर आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की। उन्होंने भी 10 हजार से शुरुआत कर 50 हजार तक का लाभ लिया। अब उनकी दुकान से परिवार को स्थायी आय मिल रही है। वहीं वार्ड 17 की संगीता यादव ने सिलाई और कटलरी का पारंपरिक व्यवसाय आगे बढ़ाने लोन का उपयोग किया और आज वे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं।

#### योजनाओं का लाभ नहीं

यदि किस्तें नहीं चुकाई गईं तो आगे अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिलेगा। वहीं 65 प्रतिशत स्ट्रीट वेंडर डिजिटल माध्यम से लेन-देन कर रहे हैं।जिसे बढ़ावा देने के लिए अब विशेष प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।-रानी तिवारी सिटी मिशन मैनेजर नपा रायसेन

#### बदलाव के बाद दूसरा चरण शुरू

वर्तमान में कैबिनेट में बैठक के बाद दूसरे चरण के तहत लोन प्रस्ताव मंजूर हो गया है, जिसमें 10 हजार रुपए की जगह 15 हजार रुपये का लोन हितग्राही को मिलेगा। इसी तरह 20 हजार की जगह 25 हजार रुपए का लोन हितग्राही को मिलेगा। इसके अलावा 50 हजार की जगह हितग्राहियों को 1 लाख रुपए का लोन मिलेगा।

#### वसूली में नपा और बैंक दोनों के लिए सिर दर्द बनी योजना

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जिसने कोरोना काल महामारी में लोगों को जीवन दान दिया है। वहीं कई जगह लोगों के लिए सिरदर्द बन रही है। नगर पालिका परिषद और बैंक वसूली में दोनों के लिए सिर दर्द बन गई है। इस योजना में कई लोग समय पर लोन की किस्तें नहीं चुका पाए। इनमें कहीं ऐसे हैं उन्होंने बगैर ब्याज के लोन लेने के बाद भी उनकी राशि बैंकों को नहीं लौटाई। डिफॉल्टर लोन योजना की सूची बैंक ने नगर पालिका परिषद में भेज दिए अब उन्हें कभी भविष्य में कभी किसी भी तरह का लोन नहीं मिलेगा।




**इसी योजना ने हजारों लोगों को दिया है सहारा**

*पीएम स्वनिधि योजना ने हजारों लोगों को रोजगार का सहारा दिया है। वहीं अब लापरवाह डिफॉल्टर परेशानी का सब बन गए हैं। सवाल यही है कि आत्मनिर्भर बनने की राह चुनने वाले आगे बढ़ेंगे या मुफ्तखोरी की राह चुनेंगे। नगर पालिका परिषद ने लोगों को रोजगार का सहारा देने के लिए ढूंढ-ढूंढ कर हितग्राहियों को सब्जी फल चाट पानीपुरी पकौड़े आदि स्ट्रीट वेंडर को बुलाकर लोन दिया था। उन्होंने कोरोना कल में समय पर लोन की किस्तें भी चुकाई लेकिन कुछ डिफाल्टर हो गए।*

#### नए बदलावों के साथ योजना दोबारा शुरू होने की संभावना

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जिसने कोरोना काल में छोटे व्यापारियों को जीवनदान दिया। वहीं अब कई जगह सिरदर्द भी बन गई है। नगर पालिका परिषद और बैंक दोनों ही लोन की वसूली को लेकर परेशान हैं। शहर के 2207 स्ट्रीट वेंडरों को 2 करोड़ 20 लाख 70 हजार रुपए का लोन बांटा गया था। इसमें से बड़ी संख्या में लोग समय पर किस्त चुका रहे हैं, लेकिन 152 लोग ऐसे भी हैं। जिन्होंने बिना ब्याज के लोन लेने के बाद भी एक रुपया तक नहीं जमा किया। इसी तरह 932 स्ट्रीट वेंडर हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में1 करोड़86 लाख, 46 हजार रुपए का लोन दिया। इसके अलावा 50 हजार रुपये का 357 हितग्राहियों 1 करोड़ 78 लाख 50 हजार रुपये का ऋण दिया गया है। इसी तरह 458 हितग्राहियों को 4 करोड़ 24 लाख 95 हजार रुपये का लोन दिया गया था।

---

## निरीक्षण में कलेक्टर ने कहा- राजस्व मामलों को समय सीमा में निराकृत करें

# कलेक्टर ने सिलवानी तहसील का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ सिलवानी

कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने गुरुवार को सिलवानी तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निस्तारित पुराने प्रकरणों की फाइल निकलवाकर राजस्व प्रकरणों के निर्णयों का अवलोकन किया। साथ ही निर्णीत प्रकरणों का अवलोकन कर निराकरण की गुणवत्ता भी जांची।

उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करें। साथ ही राजस्व रिकार्डों में संलग्न वर्तमान समय के खसरों का अवलोकन किया तथा रिकार्डों को व्यवस्थित संधारित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसील में उपस्थित आवेदकों से चर्चा कर उनके प्रकरण से संबंधित जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

इस दौरान नवागत एसडीएम हर्षिल चौधरी, तहसीलदार सुधीर शुक्ला भी उपस्थित रहे।

# रायसेन को मिली 28 नई डायल 112 गाड़ियां, दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ रायसेन

जिले की पुलिस व्यवस्था को मिला नया सशक्तिकरण मिल गया है। रायसेन जिले को 28 नए एफआरवी यानी डायल-112 वाहन प्राप्त हुए हैं। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे, एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे ने हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को रवाना किया।

इस मौके पर रायसेन के पुलिस अधीक्षक पांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरपुसे,एसडीओपी प्रतिभा शर्मा और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस लाइन में एसपी श्री पांडे द्वारा खड़े 28 डायल 112 वाहनों में मौजूद आधुनिक सुरक्षा और आपातकालीन उपकरणों का जायजा लिया। वाहनों को नगर का भ्रमण भी कराया गया।



---

## नगर में 1956 से गणेश प्रतिमा स्थापित कर शुरू हुई थी गणेशोत्सव की परंपरा

# दस दिवसीय श्रीगणेशोत्सव में चार दिन से बारिश बनी बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

श्री गणेश चतुर्थी से प्रारंभ हुए 10 दिवसीय सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव पर पिछले 4 दिनों से हो रही बारिश की बाधा बनी हुई है। नगर में 50 से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर झांकी पंडाल लगाकर प्रतिमाओं की स्थापना कर श्री गणेश भक्तों द्वारा रिद्धि सिद्धी, बुद्धि के दाता और विघ्नों को हरने वाले श्री गणेश की पूजन आरती के साथ घरो घर भी गणपति बप्पा की प्रतिमाए स्थापित कर परिवारों द्वारा गणेशोत्सव मनाया जा रहा है।

**1956 में हुई शुरूआत :** नगर में सार्वजनिक रूप से 10 दिवसीय गणेशोत्सव मनाने की शुरूआत 1956 में गांधी चबूतरा के पास ठाकुर सा. के मकान में श्री गणेश प्रतिमा स्थापना के साथ हुई थी। तत्काल समय और दशकों तक बडा बाजार, बुंदेलखंडी मोहल्ला, चौधरी चौक, छोटा बाजार, छीपा मोहल्ला, होली चौक, बाबडी मोहल्ला, शा. कर्मचारी संघ, पावर हाउस एवं सरकारी स्कूलों में गणेशोत्सव मनाया जाता और गणेशोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रमों के साथ रात्रि जागरण पर कार्यक्रम आयोजित करने की परंपरा दशकों बाद भी बनी हुई है। नगर के विस्तार के साथ अब 50 से अधिक स्थानों पर मंगलमूर्ति, प्रथम पूज्य श्री गणेश की प्रतिमाए स्थापित की जा रही है। चौधरी चौक की एक गली में 10 बी शताब्दी की स्फटिक प्रतिमा गणेश भक्तों का श्रद्धा केन्द्र बनी हुई है।



#### 16 फिट की प्रतिमा

छोटा बाजार, भवानी चौक में बम्बई के लाल बाग के राजा की तर्ज पर 16 फिट उंची श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। इसी प्रकार नाहर कालौनी में 8 फिट की श्री बाल गणेश की प्रतिमा आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। इसी के साथ नगर के विभिन्न हिस्सों में छोटी बडी और विभिन्न आकार प्रकार की दर्जनों प्रतिमाए स्थापित की गई है। चार दिनों से हो रही बारिश के कारण झांकी पंडालों में दर्शन करने गणेश भक्त नहीं पहुंच पा रहे है। झांकियों के आसपास पानी, कीचडके साथ सारे प्रयासों के बाद भी नमी की अधिकता बनी होने से सिर्फ आसमान के निवासी परिवार और गणेशोत्सव समितियां पूजन, आरती, मंगलमूर्ति की सेवा साधना, प्रार्थना में सक्रिय बने नजर आ रहे है।

### अस्पताल प्रांगण में हुआ भजन संध्या का आयोजन

**बरेली।** पिपरिया मार्ग पर स्थित सिविल अस्पताल प्रांगण में मंगलमूर्ति प्रथम पूज्य गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर डॉक्टरों, सिविल अस्पताल के स्टाफ द्वारा उत्साह के साथ 10 दिवसीय गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। सिविल अस्पताल आने वाले मरीज और उनके परिजन भी गणपति बप्पा के दर्शन करने कर लाभ अर्जित कर रहे है। 10 दिवसीय गणेशोत्सव को उत्साहपूर्वक मनाने के साथ रात्रि में धार्मिक भजनों की संगीतमयी भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री खाटू श्याम भजन मंडल के द्वारा धार्मिक भजनों की शानदार जानदार प्रस्तुतियां दी गई। मंत्र मुग्ध होकर डॉक्टर, स्वा.विभाग के कर्मचारी और श्री गणेश भक्त नाचते झूमते नजर आते है। कार्यक्रम में संजीव अली, संतोष पटेल, शिवम धाकड़, यशपाल सिंह, पुरूषोत्तम पटेल सहित अन्यों की सक्रियता बनी हुई है।

### एक बगिया मां के नाम अभियान की समीक्षा

**रायसेन।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से ''एक बगिया मां के नाम'' एवं गौवंश को सड़कों से हटाकर गौशाला में छुड़वाने संबंधी कार्य की समीक्षा की गई। उन्होंने एक बगिया मॉ के नाम अभियान के तहत स्व-सहायता समूहों की महिला सदस्यों को कृषि भूमि पर फलदार पौधों के रोपण हेतु प्रेरित कर पंजीयन, जियो टैग आदि कार्यवाही की सभी जनपद सीईओ और संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए।



दोनों गेट से छोड़ा जा रहा 2700 क्यूसेक पानी

---

## गाय को बचाने मंदिर के पास पलटा कोल्डड्रिंक से भरा ट्रक

# फोरलेन-45 पर स्थान-स्थान पर मवेशियों का डेरा

◆ फोरलेन पर मवेशियों के बैठने से बढ़ रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

भोपाल से जबलपुर फोरलेन-45 पर बाड़ी से बरेली, भौड़िया, खरगोन, बटेरा जोड़ उदयपुरा से देवरी के बीच दिन रात मवेशियों का डेरा और झुंड बने रहने से वाहनों का संतुलन बिगडने से वाहन पलटने, जानलेवा घटनाए तेजी से बढ़ रही है। पिछले दिनों समनापुर जांगीर ग्राम के पास जानलेवा हादसा हुआ भौडिय़ा, खरगोन, उदयपुरा से देवरी के बीच पिछले हफ्तें में वाहनों की चपेट में आने से दर्जनों मवेशियों की मौत हो चुकी है।

फोरलेन एवं अन्य प्रमुख मार्गो से मवेशी हटाने के कलेक्टर के आदेश निर्देश का निचले स्तर पर पालन न होने से दिन हो या रात मवेशी वाहन पलटने और वाहनों पर सफर करने वालों के साथ जीवन का खिलवाड़ हो रहा है।



**गाय बचाने के चक्कर में सड़क पर कोल्डड्रिंक से भरा पलटा ट्रक**

बरेली का फोरलेन बायपास ग्राम समनापुर जांगीर, चारगांव पारतलाई, भौडिय़ा, खरगोन, उदयपुरा से देवरी के बीच फोरलेन 45 पर तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से मवेशी घायल और मर रही है। वाहनों का संतुलन बिगड़ने से पलट भी रहे है। भौडिय़ा श्रीराम जानकी मंदिर के पास गाय को बचाने के चक्कर में कोल्डड्रिंक से भरा ट्रक एमपी 09 जीएच 0215 पलट गया। गनीमत रही कि चालक और हेल्पर को सुरक्षित बाहर निकाला गया। ट्रक पलटने से मंदिर की रेलिंग और जाली टूट गई। जब घटना हुई उस समय मंदिर में कोई नहीं था। भौडिय़ा ग्राम के दौनों ओर अक्सर मवेशियों के कारण घटनाए हो रही है।

#### मवेशी प्रतिबंध जरूरी

फोरलेन पर जिस प्रकार मवेशियों के कारण हादसे तेजी से बढ़ रहे है। रोकथाम के उपाय बहुत जरूरी है। समनापुर जांगीर, लांझी अकोला के पास कई एकड सरकारी भूमि है, वहॉ गौ अभ्यारण या बडी गौशाला बनाई जा सकती है। फोरलेन-45 एवं अन्य प्रमुख मार्गो के किनारे वाली ग्रापं. में प्रमुखता से गौशालाओं का निर्माण कराया जाए। अधिकांश मवेशी दूध न देने पर पशु पालकों द्वारा छोड़ी जाती है। जो स्वंय के साथ अन्यों के जीवन के लिए खतरा और जानलेवा हादसों का कारण बन रही है। सभी आवारा मवेशी को दूर जंगल में छोडऩे के साथ मवेशियों को आवारा छोडऩे वालों के विरूद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही की जाए। इन उपायों से आवारा छुट्टा मवेशियों की समस्या से राहत मिलने की संभावना है। जिम्मेदारों द्वारा शीघ्रता से कार्य करने और फोरलेन 45 पर सुरक्षित, व्यवस्थित यातायात की ठोस व्यवस्था की जा सकती है।

# लगातार बारिश से पहली बार खुले हलाली डैम के आधा मीटर दो गेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर/दीवानगंज

क्षेत्र में लगातार बारिश होने से गुरुवार को सुबह साढ़े 10 बजे हलाली के 2 गेट आधा आधा मीटर तक खोले गए हैं, जिससे 2700 क्यूसेक पानी हलाली नदी में छोड़ा जा रहा है। रायसेन जिले सहित आसपास क्षेत्र में बारिश से नदी नाले ऊफान पर हैं। वहीं जिले के डैम तालाब भर गए हैं, भोपाल जिले में हो रही लगातार बारिश के कारण हलाली डैम का जल स्तर भी बढ़ गया है।

इसी बात के मद्देनजर गुरुवार को 5 में से हलाली डैम के दो गेट आधा आधा मीटर तक खोलें गए हैं। गेट खोलने से पहले जल संसाधन विभाग के अधिकारी और पुलिस भी सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर पहुंची। गेटों को खुलते हुए देखने के लिए आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग हलाली डैम पहुंचे और नज़ारे देखकर लुत्फ उठाया।

बता दे की हलाली डैम पर दो साल पहले ही 5 गेट बनकर तैयार हुए हैं, जो सीज़न में पहली बार खोले गए हैं।



**आवागमन के लिए बना 57.50 मीटर लंबा ब्रिज**

*गेट के आगे डाउन स्ट्रीम में एक 57.50 मीटर लंबा ब्रिज भी बनाया है। इससे 15-20 गांवों के लोगों को बाढ़ के दौरान हर साल रास्ता बंद होने की समस्या से भी निजात मिल जाएगी। बारिश के दौरान बाढ़ से नीनोद और कायमपुर गांव के रास्ते डूब में आ जाने के कारण गांव टापू बन जाया करते थे। बांध के डाउन स्ट्रीम में ब्रिज बनने से अब इन गांवों के रास्ते भी डूब में नहीं आएंगे। इससे बारिश के दिनों में यहां से आवागमन चालू रहेगा। ग्रामीणों को इसी रास्ते से आवागमन करना होगा।*